प्रैस विज्ञप्ति

19.03.2025 – अखिल भारतीय

आज कुछ एल आई सी एजेंटों ने माननीय नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात की और कुछ मुद्दे उठाए।

एल आई सी के सी.ई.ओ. एवं एम.डी. श्री सिद्धार्थ महान्ति ने कहा, "हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि एलआईसी द्वारा ऐसे उत्पाद प्रस्तुत किए गए है जो IRDA द्वारा निर्धारित नए उत्पाद विनियमों के अनुरूप हैं, जो 1 अक्टूबर, 2024 से प्रभावी हैं और जिसमें पॉलिसीधारकों के हितों को सर्वोपरि रखा गया है।"

श्री. महान्ति ने कहा कि "एल आई सी जीवन बीमा कवरेज को व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने लगातार ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्गों तक पहुँचने पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारा उद्देश्य हर बीमा योग्य व्यक्ति को सस्ती कीमत पर वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।"

श्री महान्ति ने आगे कहा कि " एल आई सी का विविध पोर्टफोलियो हर प्रकार के ग्राहक और समाज के विभिन्न स्तरों की सेवा के साथ, सभी नियामक आवश्यकताओं का पूरी तरह से अनुपालन करता है। उदाहरण के लिए, हमारी माइक्रो बचत योजना जो ₹1 लाख की न्यूनतम बीमा राशि प्रदान करती है और यह जी.एस.टी. से मुक्त है, जो हमारी पहुँच को सुनिश्चित करती है। उत्पाद विनियमों में बदलाव के बाद भी एजेंटों के लिए कमीशन कम नहीं किया गया है। इसे विभिन्न चरणों में प्रदान किया गया है।"

श्री. महान्ति ने कहा, "एलआईसी अपने पॉलिसीधारकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अपनी एजेंसी बल की भलाई के लिए भी समर्पित है।"

दिनांक 19 मार्च, 2025

स्थान - मुंबई ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (सीसी), भारतीय जीवन बीमा निगम , केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com हमसे www.licindia.in पर विजिट करें।

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हालाँकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे, लेकिन हम यह भी मानते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपका है।